तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 1 नवंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 रन फॉर यूनिटी में कलेक्टर, एसपी समेत दौड़े सैकड़ों लोग



## खबर संक्षेप

### सोनहत में रूक-रूक कर दिनभर हल्की बारिश

**सोनहत।** मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामों में 31 अक्टूबर को सुबह से पूरे दिन हल्की बारिश रूक-रूक कर होती रही। लगातार फुहारों के कारण पूरे दिन वातावरण ठंडा और सर्द बना रहा। बीच-बीच में बारिश थमने पर लोगों ने अपने दैनिक कार्य निपटाए, लेकिन बादलों की घनी उपस्थिति के कारण पूरे दिन सूर्य के दर्शन नहीं हुए। आकाश में गहरे बादलों का डेरा लगातार बना रहने से मौसम विभाग जैसे हालात बन गए हैं, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि अगले कुछ दिनों तक भी मौसम में सुधार की संभावना कम ही है। यदि चाहे तो मैं इसका ब्रेकिंग, शॉर्ट हेडलाइन, या सोशल मीडिया पोस्ट वर्जन भी तैयार कर दूं।

### गजराज दलों की धमक से दहशत में वनांचल



**सोनहत।** खंड स्तरीय सुदूर वनांचल ग्रामों में धान की फसल पकने के साथ ही हाथियों के आने की घटनाएं तेज हो गई हैं। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अमृतपुर, सुखतरा क्षेत्र में लगभग 32 हाथियों का बड़ा दल घूम रहा है, वहीं रामगढ़ वन क्षेत्र के आसपास 13 हाथियों का अलग दल विचरण कर रहा है। बताया गया है कि गजराज इन दिनों किसानों की धान की फसल को निशाना बनाते हुए भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। फसल चराई और रौंदने की शिकायतें लगातार विभाग तक पहुंच रही हैं। वन विभाग का कहना है कि दोनों दलों को रिहायशी क्षेत्रों से दूर हटाने के लिए लगातार प्रयास जारी हैं, ताकि ग्रामीणों और किसानों को राहत मिल सके। यदि चाहें तो मैं इसका ब्रेकिंग अलर्ट, सोशल पोस्ट, या छोटा हेडलाइन भी बना दूं।

### उप निरीक्षक विजय को चिरमिरी थाने की कमान

**डोमनहिल।** जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ थाना प्रभारियों, एएसआई तथा प्रधान आरक्षकों के स्थानांतरण आदेश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में खड़गवां थाने में अपनी तेज-तर्रार कार्यशैली और सख्त कानून व्यवस्था के लिए पहचाने जाने वाले उप निरीक्षक विजय सिंह को अब चिरमिरी थाना प्रभारी का प्रभार सौंपा गया है। वहीं वर्तमान चिरमिरी थाना प्रभारी आरएन गुप्ता को झगराखाण्ड थाने में स्थानांतरित किया गया है। झगराखाण्ड थाने में पदस्थ निरीक्षक दीपेश सैनी को खड़गवां थाना प्रभारी का दायित्व दिया गया है। इसके साथ ही जिले के अन्य थानों में भी एएसआई एवं प्रधान आरक्षकों के पदों में फेरबदल किया गया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**अम्बिकापुर।** गोधनपुर में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। क्षेत्र में लगभग एक घंटे तक हंगामा जारी रहा। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाइश के बाद मामला शांत कराया। इस मामले में एक पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने दस लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि गोधनपुर निवासी नीलम देवी सब्जी व्यवसाय करती है। आरोप है कि 29 अक्टूबर की रात 10 से अधिक लोग उसके दुकान में घुस आए और गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट की। इस घटना के दौरान महिला का भतीजा प्रिंस गुप्ता भी मौजूद था। इस मामले में पुलिस ने महिला की शिकायत पर दस लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(1), 191(2), 296, 351(3), 115(2), 324(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## किसान चिंतित, बेमौसम बारिश ने बरपाया कहर, धान समेत सब्जी फसलों को भारी नुकसान

# आफत की बारिश : खेत में कटे धान की फसल खराब





बेमौसम बारिश से खराब हुई फसल।

हरिभूमि न्यूज ⏵⏵ बैकुंठपुर

बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के प्रभाव से कोरिया जिले में बीते तीन-चार दिनों से हल्की एवं मध्यम बारिश का दौर चलता रहा। विदाई हुए बारिश के फिर से सक्रिय होने के कारण किसानों को भारी नुकसान हो रहा है।

वर्तमान में खरीफ की प्रमुख फसल धान कटाई के लिए खेतों में खड़ी है और जिले के कई क्षेत्रों में पकी धान की कटाई का कार्य शुरू भी हो गया है, ऐसे समय में हो रही बारिश से कटाई किए गए धान फसलों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। हालांकि अभी जिले में धान कटाई जोर नहीं पकड़ा है, लेकिन अर्ली वैरायटी वाले धान पूरी तरह से पककर कटाई योग्य हो गए हैं, जिन्हें किसान परिवार कटाई करने में जुट गए हैं। इसी बीच अचानक मौसम में बदलाव से कोरिया जिले में तीन-चार दिनों से हल्के एवं मध्यम बारिश हो रही है, इससे खेतों में काटकर छोड़े गए धान की फसलों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। वहीं अचानक बारिश का मौसम शुरू होने के कारण धान की कटाई कर खलिहान में रखे धान को फसल को भी नुकसान पहुंचा है। किसानों के अनुसार जिन खेतों में पके धान फसल को काट लिया गया है, लेकिन लगातार कई दिनों की बारिश होने के कारण उठाव नहीं हो पाया है,ऐसे में कटाई किए गए धान पानी में भींगकर बर्बाद हो रहा है, किसानों के अनुसार जिन खेतों में धान की फसल की कटाई नहीं हुई है,उन्हें ज्यादा नुकसान नहीं है, लेकिन जिन लोगों ने कटाई कर लिए हैं और उठाव नहीं किए हैं, उनके धान फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है।

### बिना कटाई के गिर गए धान फसल

कोरिया जिले में कुछ दिनों से हो रही बारिश के कारण खेतों में जहां धान कटाई का कार्य प्रभावित हुआ, कई क्षेत्रों में कटकर पड़े हुए खेतों से धान का उठाव भी नहीं हुआ तथा बारिश व हवा के हल्की झोंकों से कई क्षेत्रों के खेतों में पकी धान की फसल खेतों में ही गिर गए हैं, जिन्हें भी नुकसान होने की संभावना है। खेतों में गिरे धान की फसल बर्बाद होने के कगार पर है। इस तरह लौटती मानसून के बीच हुई कई दिनों की बारिश के कारण कोरिया जिले के कई क्षेत्रों में धान फसल को चौपट कर दिया गया।

### धान फसल पर मौसम की मार

इस वर्ष मानसून के सक्रिय होने के बाद लगातार बारिश होती रही और इस वर्ष अच्छी बारिश के बीच पानी की कमी किसी भी क्षेत्र के खेतों में नहीं हुई। अच्छी बारिश के चलते इस वर्ष जिले के सभी क्षेत्रों में धान की अच्छी फसल हुई,लेकिन जाते जाते मानसून के फिर से सक्रिय होने के कारण कई दिन बारिश ने धान फसल को अच्छी फसल को बर्बाद कर रहा है।

### बारिश ने तोड़ी किसानों की कमर



**सोनहत।** खंड क्षेत्र में 28 अक्टूबर से जारी लगातार बेमौसम बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। विभिन्न ग्राम बोडार, रजौली, बेलिया, कैलाशपुर, घुघरा, काटगोड़ी, शीत और दूरस्थ वनांचल गांवों के किसानों ने बताया कि पकी हुई धान की फसल लगातार बारिश से खेतों में ही गिरकर सड़ने लगी है। कई किसानों के खेत में काटकर रखे गए धान को खलिहान तक नहीं पहुंचाया जा सका, जिससे बीती रात की तेज बारिश में फसल बह गई या पूरी तरह भीगकर अंकुरित हो गई, जिसके कारण वह पूरी तरह बर्बाद हो गई है। किसानों का कहना है कि आलू और मौसमी सब्जियों की खेती भी बारिश की जद में आकर भारी नुकसान की कगार पर है, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है।

### नुकसान का आंकलन कर राहत देने की मांग

मुख्यालय सहित वनांचल क्षेत्रों के सीमांत किसान और काश्तकारों ने प्रशासन से मांग की है कि बारिश से फसलों को हुए नुकसान का तत्काल आंकलन कर उचित राहत राशि प्रदान की जाए। पंच संघ के अध्यक्ष प्रेम सागर तिवारी ने बताया कि बसवाही, तंजरा, केशगवां सहित कई गांवों का दौरा कर किसानों से नुकसान की जानकारी ली और कहा कि हालात गंभीर हैं। उन्होंने प्रशासन से किसानों को शीघ्र राहत राशि प्रदान करने का आग्रह किया है।



# आज धूमधाम से मनाई जाएगी एकादशी

हरिभूमि न्यूज ⏵⏵ बैकुंठपुर

दुर्लभ संयोग पर एकादशी का पर्व शनिवार को मनाया जाएगा। इसी के साथ ही भगवान विष्णु का चातुर्मास समाप्त हो जाएगा और भगवान विष्णु योग निद्रा से जागकर सृष्टि का कार्य भार संभालेंगे, इसके साथ ही सभी तरह के मांगलिक कार्यों के शुरू करने की रोक भी हट जाएगी।

■ गन्ने की खूब होगी बिक्री

उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के एकादशी को देव उठनी एकादशी के रूप में मनाया जाता है। दीपावली के बाद इसे छोटी दीपावली के रूप में उल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जाता है, इसके साथ ही विवाह, सगाई, गृह प्रवेश मुंडन सहित अन्य तरह के मांगलिक कार्यों की शुरुआत भी हो जाएगी। बीते 6 जुलाई से भगवान विष्णु योग निद्रा में चले गए थे, चातुर्मास लगने से सभी तरह के शुभ कार्यों पर प्रतिबंध लग गया था , जो आज देवउठनी एकादशी के साथ समाप्त हो जाएगा। मान्यता के अनुसार आज के दिन भगवान विष्णु को तुलसी दल अर्पित करने का विशेष विधान है। तुलसी को माँ लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है, इस दिन तुलसी की पूजा करने और घी का दीपक जलाने से घर में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है, धन संबंधी परेशानियां दूर होती है। इस वर्ष एकादशी तिथि पर शनि का संयोग बन रहा है, जिसे एक दुर्लभ संयोग माना जा रहा है। इस दिन भगवान विष्णु के साथ शनिदेव की पूजा करने से भक्तों के कष्ट व बाधा दूर होंगे।

### देवउठनी एकादशी आज

**सोनहत।** खंड क्षेत्र के ग्रामांचलों में 1 नवंबर को मनाई जाने वाली देवउठनी एकादशी को लेकर विशेष उत्सुकता बनी हुई है। परंपरा के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु के जागृत होते ही सभी मांगलिक कार्यों की शुरूआत मानी जाती है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में तुलसी विवाह से शुभ कार्यों का शुभारंभ करने की परंपरा है। ग्रामीणों ने बताया कि वनांचल एवं ग्राम स्तर पर यह पर्व दीपावली की तरह उल्लासपूर्वक मनाया जाता है। रात में दीप जलाकर खेत-खलिहानों की पूजा, घरों में दीपोत्सव और जगह-जगह फटाके फोड़कर देवउठनी की खुशियां मनाई जाती हैं।

# चरचा में स्कूली बच्चों के बीच दौड़, खेलकूद व निबंध स्पर्धा



**चरचा कॉलरी।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को पूरे कोरिया जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस एवं पुलिस स्मृति (झंडा) दिवस बड़े हर्षोल्लास, श्रद्धा और देशभक्ति के साथ मनाया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सभी थानों, शासकीय कार्यालयों व शिक्षण संस्थानों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। थाना चरचा परिसर में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें हिन्द विद्यालय अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। बच्चों के बीच दौड़ प्रतियोगिता, खेलकूद प्रतियोगिता तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिनका उद्देश्य बालकों में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन, देशभक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रबल करना था। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को मेडल पहनाकर, प्रमाण पत्र प्रदान कर एवं पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी, शिक्षक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे और बच्चों के उत्साह की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपने अदम्य साहस व दूरदृष्टि से देश को एक सूत्र में पिरोया। उनकी कर्मठता आज भी राष्ट के लिए प्रेरणास्रोत है। थाना प्रभारी चरचा प्रमोद पाण्डेय ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और अनुशासन की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से सरदार पटेल के आदर्शों को जीवन में अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में पुलिसकर्मियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली तथा सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### समीक्षा और आलिया ने प्रश्न मंच में मारी बाज़ी

**रामानुजगंज।** सेजेस रामानुजगंज एवं सेजेस बलरामपुर हिंदी माध्यम की प्रश्न मंच टीमों ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस शानदार उपलब्धि के साथ दोनों टीमों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। सेजेस रामानुजगंज की छात्राएं समीक्षा तिवारी एवं आलिया आफरीन ने अद्भुत प्रतिभा और ज्ञान का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त है। विद्यालय के शिक्षकों का इस सफलता में अहम योगदान रहा। प्राचार्य हरिओम कुमार गुप्ता एवं संपूर्ण विद्यालय शिक्षकों ने विद्यार्थियों को निरंतर प्रोत्साहित किया।

# सड़क पर कार के बोनट पर केक काटने का मामला: चौकीदार संग्राम निलंबित

**मनेन्द्रगढ़।** जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे ने आदेश जारी कर विकासखंड खड़गवां शासकीय माध्यमिक विद्यालय खड़गवां के चौकीदार संग्राम गुप्ता को निलंबित कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 अक्टूबर की रात में संग्राम गुप्ता द्वारा आबादी क्षेत्र की सड़क पर कार के बोनट पर केक काटने और पटाखे फोड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उक्त वीडियो में वह कुछ अन्य युवकों के साथ सड़क पर पार्टी करते हुए दिखाई दिए। यह वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग द्वारा मामले की जांच कराई गई, जिसमें विद्यालय प्राचार्य ने अपने प्रतिवेदन में वीडियो में दिखाई दे रहे व्यक्ति की पहचान चौकीदार संग्राम गुप्ता के रूप में की है। जांच में पाया गया कि संबंधित कर्मी का यह कृत्य छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 तथा प्रदूषण संबंधी कानूनों के विपरीत है। साथ ही यह कृत्य उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा 13 अक्टूबर को जारी आदेश का भी उल्लंघन माना गया है, जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर इस प्रकार के प्रदूषणकारी या अनुशासनहीन व्यवहार से बचने के निर्देश दिए गए थे। उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी श्री मिरे ने छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत संग्राम गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। निलंबन अवधि में संग्राम गुप्ता का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनेन्द्रगढ़ कार्यालय निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

### सीएम के सलाहकार डॉ. धीरेंद्र को मिला राज्यमंत्री का दर्जा

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के योजना, नीति, कृषि व ग्रामीण विकास सलाहकार डॉ. धीरेंद्र तिवारी को राज्यमंत्री का दर्जा दिया गया है। इस संबंध में गुरुवार को सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है। मूलतः अम्बिकापुर के नमना कला निवासी डॉ धीरेंद्र तिवारी की प्रारंभिक शिक्षा शहर के सरस्वती शिशु मंदिर में हुई है। मेडिकल की पढ़ाई बिलासपुर से करने के बाद वे चिकित्सा सेवा देते हुए सामाजिक क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सलाहकार के रूप में कार्य करते हुए उन्हें राज्यमंत्री का दर्जा दिए जाने पर उनके समर्थकों में भारी ख़ुशी है।

# पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर निकाला जुलूस

## एमसीबी में गांजा, शराब, जुआ और सट्टा खिलाने वालों पर कार्रवाई



**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में कबाड़ियों के साथ ही गांजा, शराब, जुआ और सट्टा के अवैध कारोबार में शामिल लोगों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने 10 से अधिक आरोपियों को पकड़ते हुए उनका जुलूस भी निकाला। सड़क पर इन अपराधियों से "नशा का कारोबार करना अपराध है" और "पुलिस हमारी बाप है" जैसे नारे भी लगवाए गए। एसपी रत्ना सिंह के निर्देश पर पुलिस क्षेत्र की पुलिस अवैध गतिविधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है।

चिरमिरी पुलिस ने पुराने रिकॉर्ड खंगालते हुए 10 शातिर अपराधियों को हिरासत में लिया और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी ⏵⏵ शेष पेज 4 पर



### संयुक्त सरपंच संघ की बैठक में बनी नई जिला इकाई

**बैकुंठपुर/सोनहत।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर के सभा कक्ष में 30 अक्टूबर को बैकुंठपुर एवं सोनहत ब्लॉक संयुक्त सरपंच संघ की महत्वपूर्ण बैठक उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष उदय

■ रामा शंकर सिंह बने बैकुंठपुर ब्लॉक अध्यक्ष

सिंह ने की। दोनों ब्लॉकों के सैकड़ों सरपंचों ने भाग लेकर संगठन की एकता और मजबूती का संदेश दिया। बैठक में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा और पंचायत निधि के प्रभावी उपयोग जैसे मुद्दों ⏵⏵ शेष पेज 4 पर

## बच्चों की प्रस्तुतियां और सांस्कृतिक रंग जमाएंगे समां

# राज्योत्सव में दमकेगा कोरिया का विकास मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏵⏵ बैकुंठपुर

जिले का ऐतिहासिक तीन दिवसीय राज्योत्सव इस बार विशेष होने जा रहा है। 2 से 4 नवंबर तक बैकुंठपुर के मिनी स्टेडियम में आयोजित होने वाले राज्योत्सव की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी लगातार स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि उत्सव को भव्य और यादगार रूप दिया जा सके। राज्योत्सव में कोरिया जिले की साल 2000 से 2025 तक की विकास यात्रा को विशेष थीम लेआउट में प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना से मिले आशियाने, जल जीवन मिशन से घर-घर नल जल की सुविधा, सिंचाई और पेयजल परियोजनाओं का विस्तार, पर्यटन की संभावनाएं, बिजली, सड़क और ग्रामीण ढांचे के सुदृढ़ीकरण को सहजता से समझा जा सकेगा। साथ ही जनसंपर्क विभाग द्वारा जिले की उपलब्धियों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी भी आकर्षण का केन्द्र होगी।



तैयारियों का निरीक्षण करती कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।

### अप्रतिम कोरिया का होगा विमोचन

जिले की प्रमुख पर्यटन स्थलों पर आधारित की कॉफी टेबल बुक अप्रतिम कोरिया का राज्योत्सव के मंच से मुख्य अतिथि के हाथों औपचारिक विमोचन होगा। राज्योत्सव के मंच पर स्कूलों के बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियां, भजन-संध्या, सूफी संगीत, लोकनृत्य और लोकगीत जिलेवासियों के मन को सुर, ताल और भावनाओं से जोड़ेंगे।

# कॉलेज से अर्द्धवार्षिकी पूर्णता पर सम्मान समारोह



**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में सन 1984 से पदस्थ प्रयोगशाला तकनीशियन प्रेमलाल पटेल का अर्द्धवार्षिकी पूर्ण होने पर 31 अक्टूबर को महाविद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति दी।

इस अवसर पर पुष्पगुच्छ देकर शाल-श्रीफल भेंटकर प्राचार्य द्वारा माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ के माध्यम से सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सम्मान कर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। प्राचार्य डॉ. श्राबनी चक्रवर्ती के संरक्षण में यह आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई द्वारा कहा गया कि एक कर्तव्यनिष्ठ, बहुमुखी प्रतिभा के धनी प्रेमलाल पटेल की सेवानिवृत्ति महाविद्यालय के लिए एक हीरे की कमी हो जाने के समान होगा। इस अवसर पर डॉ. रश्मि तिवारी, डॉ. सुशील कुमार तिवारी, डॉ. प्रभा राज, डॉ. अरूणिमा दत्ता, रंजीतमणी सतनामी, भीमसेन भगत, डॉ. नसीमा बेगम अंसारी, श्रीमती स्मृति अग्रवाल, सुनील कुमार गुप्ता, कमलेश पटेल, सुशील कुमार छात्रे, डॉ. रेनू प्रजापति, डॉ. रामजी गर्ग, रामनिवास गुप्ता, डॉ. रिंकी तिवारी सतीश सोनी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत सेमिनार में दी गई जानकारी

**सीतापुर।** भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक करने शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में सतर्कता जागरूकता के तहत सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्नव चटर्जी क्षेत्रीय प्रबंधक एचपीसीएल बिलासपुर ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आर्थिक राजनैतिक एवं सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। जिसकी वजह से देश की कई सारी व्यवस्था चरमरा गई है। इस पर रोकथाम के लिए देश के हर युवा, सरकार, नागरिक एवं निजी क्षेत्रों को आगे आना होगा तभी देश से भ्रष्टाचार का उन्मूलन हो पायेगा। विशिष्ट अतिथि राहुल रमन एमआईएस प्रबंधक एचपीसीए बिलासपुर ने कहा कि सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल को राजनीतिक प्रशासनिक राष्ट्रीय एकता के लिए निर्भीक निर्णय एवं ईमानदार के रूप में जाने जाते है। उन्ही की याद में प्रति वर्ष यह सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। विक्रय प्रबंधक एचपीसीए विक्रय क्षेत्र अंबिकापुर के अमृत प्रत्यय गुप्ता ने भ्रष्टाचार संबंधी शार्ट वीडियो एवं उदाहरण के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस के टोप्पो ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम संयोजक बीआर चौहान ने कहा कि युवा एवं आम जनता को पूरी ईमानदारी के साथ जीवन जीना चाहिए एवं कानून का पालन करना चाहिए। सेमिनार का संचालन कार्यक्रम अधिकारी रासेयो डॉ. रोहित बारगाह ने किया।

### तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**सूरजपुर।** तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने चुनाव के समय में कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी के रूप घोषणा किया गया था जिसके संबंध में ध्यान आकर्षण करने हेतु मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में 9 बिंदुओं की प्रमुख रूप से मांग है जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारी एवं पेंशनरों को केंद्रीय कर्मचारियों की भांति देय तिथि से महंगाई भत्ता तथा पेंशनरों को महंगाई राहत दिए जावे एवं डीए एरियर्स की राशि जीपीएफ खाते में समायोजित करने, केंद्रीय कर्मचारियों एवं अविभाजित मध्य प्रदेश के कर्मचारियों की भांति सेवानिवृत्ति पर कर्मचारियों को भी 240 दिन के स्थान पर 300 दिवस का अवकाश नगदीकरण आदेश जारी करने, संविदा, दैनिक, अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित किए जाने सहित अन्य मांग शामिल है। इस दौरान शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मनीष, दीपक साहू, आदित्य शर्मा, बिंदेश गुप्ता, मयंका राजवाड़े, रवि पैकरा गणेश्वर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बाइक भिड़ंत में गंभीर एक ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम पंडी डांड़ में बाइक भिड़ंक होने से गंभीर एक ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंडार गांव निवासी हरिचरण आ. नान ठाकुर कंवर (35 वर्ष) बुधवार की दोपहर बाइक से ग्राम गरईडांड़ से वापस आ रहा था। जैसे ही पंडरीडांड़ के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रहे बाइक से आमने-सामने भिड़ंत हो गया जिससे बाइक सवार हरिचरण गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई।

## पोर्टल पर रकबा दर्ज नहीं होने से किसान परेशान

# भूईयां पोर्टल से आधा दर्जन गांव के किसानों का रकबा गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ऑनलाइन गिरदावरी में अनेक गांवों का रकबा गायब होने के कारण किसान परेशान हैं। गिरदावरी में वन अधिकार पत्र धारकों के रकबा की भी जानकारी नहीं मिल रही है। किसानों का कहना है कि ऑनलाइन गिरदावरी का रकबा भूइयां पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया तो वे समितियों में धान बेचने से वंचित हो जाएंगे।

**खास बात**

- समितियों में नहीं बेच सकेंगे अपनी उपज

शासन द्वारा इस बार ठेके पर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के माध्यम से ऑनलाइन गिरदावरी कराई गई थी। गांव के एंड्रायट मोबाइल धारक युवकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण देकर ऑनलाइन गिरदावरी करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। 30 सितम्बर तक सॉफ्टवेयर में ऑनलाइन गिरदावरी कराने के बाद पटवारियों के माध्यम से चिन्हित रकबे का भौतिक सत्यापन भी करा इसकी जांच की गई। ऑनलाइन गिरदावरी पूरी होने के बाद दावा आपत्ति मंगाकर सभी का निराकरण किया गया। शासन द्वारा 31 अक्टूबर तक किसानों का पंजीयन कराने की तिथि निर्धारित की गई है लेकिन साफ्टवेयर में अनेक गांवों का रकबा होने के कारण किसानों की समस्या बढ़ गई है। साफ्टवेयर में किसानों के रकबा का जानकारी उपलब्ध नहीं होने के कारण किसान अपनी उपज समितियों में नहीं बेच सकेंगे।



धान काटती महिलाएं।

प्रारंभ में वन अधिकार पत्र धारकों के भूमि की ऑनलाइन गिरदावरी नहीं की गई थी। बाद में प्रशासन द्वारा ऐसे कृषकों की अलग गिरदावरी कराई गई थी लेकिन भूइयां पोर्टल में वन अधिकार पत्र धारकों के रकबे की भी जानकारी उपलब्ध नहीं है। किसानों को धान विक्रय के लिए पंजीयन कराने में भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अंतिम तिथि के पूर्व सॉफ्टवेयर में किसानों का रकबा दुरूस्त नहीं किया गया तो किसान अपनी उपज बेचने से वंचित हो जाएंगे।

**इन गांवों में समस्या**

निर्धारित समय में ऑनलाइन गिरदावरी होने के बावजूद भूइयां पोर्टल पर ग्राम खैरबार, बधिया चुंआ, खलिबा, बलसेड़ी, कुल्हाड़ी के ग्रामीणों का रकबा शून्य हो गया है। कुछ किसानों का रकबा दर्ज भी है तो 10 एकड़ का रकबा 40 डिसमिल में सिमट गया है। प्रभावित किसान राजस्व अधिकारियों का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन अधिकारी कुछ आवश्यक उपाय नहीं बता रहे हैं। थक-हारकर कृषकों ने जनपद अध्यक्ष विक्रम सिंह सोनपाकर के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंप समस्या का निराकरण करन की मांग की। अधिकारियों का कहना है कि अब सॉफ्टवेयर में रकबे का सुधार एनआईसी के माध्यम से ही संभव है। जिसके लिए आवश्यक पहल की जा रही है।

**विक्रय में नहीं होगी समस्या**

ऑनलाइन सर्वे के बाद किसानों को धान विक्रय में कोई समस्या नहीं होगी। डीएलएफ पोर्टल पर जिन किसानों का रकबा अपलोड किया गया है उनका धान खरीदा जाएगा। धीरे-धीरे सभी किसानों का रकबा भुइयां सॉफ्टवेयर पर अपलोड हो जाएगा।

**-पीएस दीवान**, उप संचालक, कृषि



### सब्जी व्यवसायिक महिला के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम पंचायत सोनवाही जंगल में रविवार की सुबह महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने के मामले में पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार कर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा ली है।

लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत सोनवाही निवासी 37 वर्षीय सुरमिला राजवाड़े पति हुकुम साय हर दिन की तरह 25 अक्टूबर को दोपहर तीन बजे के आसपास सब्जी बेचने अंबिकापुर गई थी। वह रोज रात 9-10 बजे तक घर लौट आती थी, पर उस दिन वह नहीं लौटी। अगले दिन रविवार को गांव के स्कूल मैदान में क्रिकेट खेल रहे बच्चों ने महिला का शव झाड़ियों के बीच सीपीटी गढ्ढे के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में पाया था, मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने देखा कि सुरमिला के चेहरे और कान के पास खून के निशान थे। जिसकी सूचना तत्काल पुलिस व ग्रामीणों को दी गई थी। सूचना पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर एएसपी संतोष कुमार महतो व एसडीओपी अभिषेक पैकरा के मार्गदर्शन में अलग-अलग पुलिस टीम गठित कर आरोपी की शिनाख्त शुरू की गई थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने सोनवाही, लटोरी, अंबिकापुर और आसपास के चौक-चौराहों पर दुकानदारों और राहगीरों से पूछताछ की। कई लोगों ने बताया कि सुरमिला को एक ऑटो में सवार होकर घर की ओर जाते हुए देखा गया था। इसके बाद पुलिस ने अम्बिकापुर, सूरजपुर के कई ऑटो चालकों से पूछताछ की। तकनीकी जांच, मोबाइल लोकेशन और बयान के तार जोड़ते हुए पुलिस ने संदेही ऑटो चालक 30 वर्षीय राहुल कुशवाहा पिता अनिल कुशवाहा तक पहुंच बनाई, जो मूलतः ग्राम रजबांध सलका थाना उदयपुर जिला सरगुजा का निवासी है और वर्तमान में ग्राम पंचायत गणेशपुर थाना जयनगर में रहता है। पूछताछ में आरोपी राहुल कुशवाहा ने शुरू में पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करता रहा, लेकिन कड़ी पूछताछ के बाद वह टूट गया। उसने कबूल किया कि गत दिनों 25 अक्टूबर की रात 10.30 बजे उसने सुरमिला को अंबिकापुर से अपनी ऑटो क्रमांक सीजी 15 डीसी 4345 में घर लाते समय सोनवाही चौक के पास वाहन को रोक लिया था। आरोपी राहुल कुशवाहा ने महिला के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करने की कोशिश की, पर सुरमिला ने डटकर विरोध करते हुए धमकी दी कि वह उसकी करतूत सबको बताएगी। तब आरोपी ने गुस्से में आकर उसका गला दबाकर हत्या कर दिया और शव को डीपीसी गड्ढे में फेंक दिया था।पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर ऑटो वाहन को भी जब्त कर लिया है। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने टीम की इस सफलता को सतर्कता, तकनीकी दक्षता और सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया है। अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में जयनगर थाना प्रभारी टीआई रूपेश कुंतल एक्का, लटोरी चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक अरुण कुमार गुप्ता, सायबर सेल प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक राकेश यादव, प्रधान आरक्षक रामनिवास तिवारी, आनंद सिंह, आरक्षक विकास मिश्रा, शोभनाथ कुशवाहा, अंबिका मरावी, सुनील एक्का, संतोष जायसवाल, मनोज सिरदार, कुंदलाल राजवाड़े, ललन सिंह, इंद्रजीत सिंह, महिला आरक्षक मालती, शोभा एक्का सक्रिय रहे।

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

### भाजपा की योजनाएं हर वर्ग तक पहुंचाना हमारा संकल्प : जांगड़े

**अम्बिकापुर।** संकल्प भवन में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सनम जांगड़े के प्रथम सरगुजा आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने संगठन विस्तार एवं आगामी रणनीति को लेकर चर्चा की। बैठक में श्री जांगड़े ने कहा कि भाजपा का अजा मोर्चा संगठन का अभिन्न अंग है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक भाजपा की नीतियों को पहुंचाने की जिम्मेदारी हमारी है। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प के साथ समाज के हर वर्ग को सम्मान और अवसर देने का कार्य कर रही है। मोर्चा के प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता को गांव-गांव जाकर केंद्र और राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचानी चाहिए। वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा पार्टी की रीढ़ है। समाज के उत्थान के लिए हमें जमीन पर उतरकर कार्य करना होगा। जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने कहा कि भाजपा का मूलमंत्र सेवा है और हमें समाज के सबसे निचले स्तर तक पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुननी होंगी। प्रदेश मंत्री अवधेश सोनकर ने कहा कि संगठन तभी सशक्त होता है जब उसमें समर्पण और अनुशासन दोनों का समावेश हो। जिला अध्यक्ष नकुल सोनकर ने कहा कि सरगुजा में अनुसूचित जाति मोर्चा तेजी से अपने विस्तार की दिशा में बढ़ रहा है। हर मंडल, हर बूथ तक संगठन को सक्रिय करने का लक्ष्य लेकर हम कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े के नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिली है। बैठक को अंबिकेश, त्रिलोक कपूर कुशवाहा एवं अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। इस दौरान जिला महामंत्री अरूणा सिंह, उपाध्यक्ष मधु चौदहा, उपाध्यक्ष विकास पाण्डेय, आलोक दुबे, राजाराम नायक, ध्रुव कुमार रवि, अनिल जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर एकता दौड़ आज

**बलरामपुर।** भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर 31 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) का आयोजन किया गया है। यह दौड़ पुराना बस स्टैण्ड (कलेक्टर बंगला) से प्रारम्भ होगा और हाई स्कूल बलरामपुर के खेल मैदान में समाप्त होगा। गौरतलब है कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती है और इस दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। एकता दौड़ में महिला, पुरूष, खिलाड़ी, विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि, नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी सहित सभी वर्ग भाग ले सकते हैं।

## शिवनंदनपुर नपं के विकास कार्य हेतु पहली किश्त 4 करोड़ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर अब विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ाने जा रही है,राज्य शासन द्वारा 21 अक्टूबर 2024 को अधिसूचना जारी कर ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिया था, यह सपना लंबे समय से क्षेत्रवासियों की जुबान पर था, जो अब साकार हो चुका है, इस उपलब्धि के पीछे क्षेत्र की भटगांव विधायक व कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की दृढ़ इच्छाशक्ति प्रमुख रही।

गौरतलब है कि नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर के गठन उपरांत राज्य सरकार द्वारा संचालन समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल बल्लू, उपाध्यक्ष श्यामू साहू, सदस्य शितिकांत स्वाई, धर्मेंद्र गुप्ता, मनी बग्गा, अनीता सिंह, प्रमिला साहू को नियुक्त किया गया था। समिति ने नगर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए 84 करोड़ रुपए का सिटी डेवलपमेंट प्लान तैयार कर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को भेजा था। इस योजना में सड़कों का चौड़ीकरण, नालियों का निर्माण, पेयजल व्यवस्था में सुधार, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, पार्कों का निर्माण, सार्वजनिक भवनों का नवीनीकरण और नगर के सौंदर्यीकरण जैसे अनेक कार्य शामिल थे, लेकिन राज्य सरकार द्वारा संचालन समिति के कार्य अवधि पूर्ण होने के महीनों बाद समिति द्वारा तैयार किए गए विकास योजना को स्वीकृति प्रदान कर पहली किस्त के रूप में 4 करोड़ रुपए की राशि जारी कर दी गई है। यह राशि आने वाले दिनों में नगर में आधारभूत विकास कार्यों की शुरुआत के लिए उपयोग में लाई जाएगी। कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव द्वारा इस योजना को प्राथमिकता दी गई। इसके लिए संचालन समिति के पूर्व अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल बल्लू, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी और नगर पंचायत संचालन समिति के पूर्व पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री और कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के प्रति आभार व्यक्त किया है।नगर पंचायत शिवनंदनपुर प्रबंधन द्वारा अब विकास कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। उम्मीद है कि नवंबर माह के भीतर ही सड़कों, नालियों, पेयजल टंकी, हाईमास्ट लाइट और सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण जैसे कार्य शुरू हो जाएंगे। नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद अब विकास योजना को मंजूरी मिलने की खबर से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। नागरिकों का कहना है कि अब शिवनंदनपुर का कायाकल्प होगा। अब यहां बेहतर सड़कें, जल निकासी व्यवस्था, रोशनी से जगमग गलियां और स्वच्छ वातावरण देखने को मिलेगा। नगर पंचायत प्रशासन का कहना है कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और जनभागीदारी को प्राथमिकता दी जाएगी। आगामी चरणों में नगर के हर वार्ड में प्राथमिकता के आधार पर कार्यों की रूपरेखा तय की जाएगी।




**क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि**



शिवनंदनपुर को नगर पंचायत बनाने की मांग वर्षों से की जा रही थी। अब जब विकास की पहली किश्त मिल गई है, तो क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। यह विकास की दिशा में बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व में शिवनंदनपुर आने वाले वर्षों में एक मॉडल नगर बनेगा।

**-कृष्णा अग्रवाल बल्लू**, पूर्व अध्यक्ष, संचालन समिति



नगर पंचायत शिवनंदनपुर का यह कदम न केवल स्थानीय स्तर पर विकास की दिशा में एक उदाहरण बनेगा, बल्कि जो मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति वर्षों बाद भी पूरी नहीं हो सकी थी, वह भी अब आसानी से पूरी हो जाएगी। नपं शिवंदनपुर के विकास को भविष्य में और भी गति सभी के जन आकांक्षाओं के अनुरूप मिलेगी, ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है।

**-श्यामू साहू**, भाजपा शिवनंदनपुर मंडल मंत्री



शिवनंदनपुर ग्राम पंचायत के समय भाजपा के शासन काल में फंड को लेकर हमेशा ही कोताही बरती गई थी। भाजपा के 15 वर्षो के शासन काल में जब कोई विकास कार्य नहीं करवा पाई और जब आज नगरीय निकाय का चुनाव नजदीक है, तो भाजपा वालों के पास वोट मांगने का कोई कारण नहीं है, तो फंड दिया गया है। शासन ने नगर को विकास कार्यों के लिए 4 करोड़ रुपए दिए हैं। अच्छा होगा कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर के सभी 15 वार्डों में समान रूप से बिना कोई भेदभाव के निर्माण कार्य होनी चाहिए और कार्यों के गुणवत्ता पर भी ध्यान देना चाहिए।

**-विमला देवी**, पूर्व सरपंच, शिवनंदनपुर

### 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**रामचंद्रपुर।** प्रदेश संगठन के आह्वान पर तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने विस चुनाव के दौरान कर्मचारियों के लिए घोषित मोदी की गारंटी के संबंध में 9 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कर्मचारियों को महंगाई भत्ता, पेंशनरों की महंगाई राहत, डीए एरियर्स की राशि जीपीएफ खाते में समायोजित करने, सेवानिवृत्ति पर कर्मचारियों को 300 का अवकाश नगरीकरण संविदा एवं अनियमित कर्मचारियों का नियमितीकरण सभी संवर्ग के अधिकारी-कर्मचारियों को चार स्तरीय वेतनमान, लिपिक सहित अन्य संवर्ग के कर्मचारियों की वेतन विसंगति को दूर करके, शिक्षक एलबी संवर्ग की सेवा प्रथम नियुक्ति तिथि से गणना करके, कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने, अनुकंपा नियुक्ति की सीलिंग समाप्त करने की मांग की है। इस दौरान जिलाध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता, हेमंत कुमार महंत, अब्राहम तिर्की, अनिल यादव, अतुल कुमार, वीरेन्द्र खाखा आदि उपस्थित थे।

### चक्रवाती तूफान मौथा पड़ा कमजोर अब होगा घने कोहरे से सामना

अम्बिकापुर। चक्रवाती तूफान मोंथा अब कमजोर पड़ गया है लेकिन तूफान का प्रभाव अभी बना हुआ है तथा झारखंड एवं बिहार की ओर अग्रसर है। तूफान के कमजोर पड़ने के कारण अब सरगुजा में इसका विशेष प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है लेकिन वातावरण में मौजूद नमी के प्रभाव से बीच-बीच में बादलों की आवाजाही जारी रहने के साथ्र ही कहीं-कहीं फुहारे गिरने की संभावना है। चक्रवाती तूफान मोंथा के कमजोर पड़ने के बाद मौसम विज्ञानी शुक्रवार से मौसम साफ होने एवं धूप निकलने की संभावना व्यक्त कर रहे है। तूफान का प्रभाव झारखंड एवं बिहार की ओर बढ़ रहा है इसके बावजूद वातावरण में मौजूद नमी के प्रभाव से कहीं-कहीं फुहारे पडने के साथ ही आगामी दिनों में सुबह-शाम घने कोहरे का सामना करना पड़ सकता है। दस दिनों पूर्व न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। साथ ही सुबह-शाम ठंड लग रही थी। खाड़ी में हलचल होने के बाद से ही आसमान पर बादलों की सक्रियता बढ़ने से उमस का सामना करना पड़ रहा है। बादलों के छंटते ही एक बार फिर से तापमान में क्रमशः गिरावट होने की संभावना है। हालांकि अभी हवा की दिशा नहीं बदलती है।

## रामगढ़ में हुआ रजवार समाज का क्षेत्रीय सम्मेलन





हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

रजवार समाज कुदरगढ़ व ओडगी का क्षेत्रीय सम्मेलन रामगढ़ में आयोजित किया गया। जिला रजवार समाज के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं मां कुदरगढ़ी के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। कार्यक्रम में कुदरगढ़ क्षेत्र समिति के सभी ग्राम समितियो के सामाजिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में सामाजिक नियमावली की जानकारी दी गई एवं सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने तथा नशा मुक्ति के संबंध में तथा कई सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। सम्मेलन में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले मेघावी छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं समाज सेवक वृधजनों को श्रीफल साल देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में समाज के संरक्षक पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े, मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े, जिला अध्यक्ष अरूण कुमार राजवाड़े, जिला सचिव मुकेश राजवाड़े, कोषाध्यक्ष दिनेश राजवाड़े, सह-सचिव हौसला राजवाड़े, लोकनाथ राजवाड़े, चिंतावन राजवाड़े, चन्द्रभान राजवाड़े, बद्री विशाल, परमानन्द, महिला संगठन मंत्री श्रीमती उमा राजवाड़े, कुलन राजवाड़े, मीना राजवाड़े, क्षेत्र अध्यक्ष केशव प्रसाद, मोहन राजवाड़े, शान्ता राजवाड़े, कमल प्रताप, लालमन व कुदरगढ़ क्षेत्र के ग्राम समिति के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी व ओडगी क्षेत्र के समस्त ग्राम समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी सहित समाज के लोग मौजूद थे।

### छालीवुड के प्रसिद्ध गायक सुनील मानिकपुरी देंगे प्रस्तुति

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन एवं जिपं सीईओ एवं नोडल अधिकारी राज्योत्सव श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में राज्योत्सव की तैयारियां जोरों पर है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष होने पर इस वर्ष को रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में राज्योत्सव पर्व के अवसर पर 2 से 4 नवंबर तक भव्य रूप से राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस राज्योत्सव 2025 में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न कलाकार भी शिरकत करेंगे, जहां विभिन्न प्रख्यात कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। राज्योत्सव के पहले दिन 2 नवंबर को अलंकार बैंड एवं टीम के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

## डांस ऑडिशन में 25 ग्रुप ने किया शानदार प्रदर्शन

**अम्बिकापुर।** अनोखी सोच संस्था के तत्वावधान में आयोजित ग्रुप डांस ऑडिशन भव्य कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। डांस ऑडिशन में शहर के अलावा अन्य राज्यों के विभिन्न शहरों के प्रतिभाशाली कलाकारों ने मंच पर अपनी शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। डांस ऑडिशन में कुल 25 ग्रुप ने भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुतियां दीं, जिनमें पारंपरिक, बॉलीवुड, फ्यूजन और हिप-हॉप जैसे विविध रंग देखने को मिले। निर्णायक मंडल द्वारा सभी प्रस्तुतियों का मूल्यांकन कर 15 प्रतिभागियों को सेमीफाइनल के लिए चयनित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रथम महिला महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, विद्यानंद मिश्रा, विकास पांडेय, अशोक सोनवानी, सालेम केरकेट्टा, दीपक सिंह तोमर, शैलू सिंह, जितेंद्र सोनी थे। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों और युवाओं की प्रतिभा को पहचान दिलाते हैं। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में अंजनी पांडेय, मो. शिफ्ते हसन, श्रीमती रवींद्र कौर, श्रीमती मीरा साहु, श्रीमती भारती वर्मा एवं ईशनीत कौर अरोरा रही। संस्था के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू ने बताया कि यह कार्यक्रम संस्था द्वारा आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक श्रृंखला का एक भाग है। इसमें सीनियर, जूनियर और ग्रुप डांस की अलग-अलग श्रेणियों में प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इस श्रृंखला का ग्रैंड फिनाले 2 नवम्बर को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा, जिसमें सेमीफाइनल से चयनित प्रतिभागी फाइनल मंच पर अपना प्रदर्शन करेंगे। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार और सम्मान प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान अभय साहू, लालजी साहू, भोला रक्सेल,जवाहर साहू, संजीव चटर्जी, लरंग मुंडा, नीरज, सुभाष, संदीप मुदलियार, अजय, राहुल, आंनद, रोहित सिंह, अवधेश केरकेट्टा, विशाल, रमेश, मुकेश मुंडा, विजय राजवाड़े सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।





# असम के सभी सिनेमाघरों में रिलीज होगी जुबीन की आखिरी फिल्म...

**मुंबई।** देश के महान गायक जुबीन गर्ग का 19 सितंबर को निधन हो गया। असम सहित पूरे देश ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। 31 अक्टूबर को उनकी आखिरी फिल्म 'रोई रोई बिनाले' रिलीज होने वाली है। बताया जाता है कि राज्य के सभी सिनेमाघरों में 'थामा', 'एक दीवाने की दीवानियत', 'कंतारा चैप्टर 1' और 'जॉली एलएलबी 3' सहित सभी फिल्मों की स्क्रीनिंग को रोकने का फैसला किया गया है। यह फैसला इसलिए किया गया है, ताकि जुबीन गर्ग की आखिरी फिल्म 'रोई रोई बिनाले', राज्य के सभी सिनेमाघरों में खास तौर से प्रदर्शित हो सके। असम के हर सिनेमाघर में सिर्फ 'रोई रोई बिनाले' ही दिखाई जाएगी। यह कदम जुबीन गर्ग को भावभीनी श्रद्धांजलि देने के लिए उठाया गया है।

लाइफ Style

# सारा

## सार्वजनिक हस्ती के लिए चीजें आसान नहीं

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अभिनेता सैफ अली खान की बेटी सारा अली खान अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। वह सोशल मीडिया पर अक्सर कुछ न कुछ शेयर करती रहती हैं। कई बार ट्रोलर्स उन्हें ट्रोल करते हैं। अभिनेत्री मानती हैं कि लगातार ट्रोलिंग और आलोचना का सामना करना आसान नहीं है।

खासकर जब यह व्यक्तिगत हो जाए। हालांकि सारा कहती हैं कि समय के साथ उन्होंने मानसिक फिल्टर विकसित कर लिए हैं और जरूरी चीजों पर ध्यान केंद्रित करना सीख लिया है। सारा अली खान ने 2018 में दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत के साथ फिल्म केदारनाथ से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने 'सिम्बा', 'कुली नंबर 1', 'अतरंगी रे' और 'जरा हटके जरा बचके' जैसी कई फिल्मों में काम किया। उन्होंने कहा 'जब आप एक सार्वजनिक हस्ती होते हैं, तो चीजें आसान नहीं होतीं, हर तरफ से मशवरे दिए जाते हैं, चाहे आप इसे मानें या न मानें। हालांकि समय के साथ, मैंने एक मानसिक फिल्टर बनाना सीख लिया है।' 30 वर्षीय सारा का कहना है, 'मैं मानती हूं कि रचनात्मक आलोचना काम के बारे में होती है और यह मुझे आगे बढ़ने, सीखने और बेहतर बनने में मदद करती है। मैं इसकी बहुत कद्र करती हूं लेकिन जब यह व्यक्तिगत हो जाती है या जब इरादा आपको नीचे गिराने का हो, तो मैं इसे अंदर नहीं आने देती। मुझे एहसास हुआ है कि हर कोई आपको नहीं जानता और हर किसी को जानने की जरूरत भी नहीं है। मैं चाहती हूं कि मैं उन लोगों से जुड़ी रहूं जो मुझे स्क्रीन के बाहर जानते हैं।'



हॉलीवुड मसाला



# द पैराडाइज में होंगे रेनॉल्ड्स

**मुंबई।** साउथ के अभिनेता नानी अपनी अपकमिंग तेलुगु फिल्म 'द पैराडाइज' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म को हिट कराने के लिए निर्माता कई कदम उठा रहा हैं। इसी कड़ी में निर्माता कथित तौर पर हॉलीवुड अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स के साथ फिल्म रिलीज करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। फिल्म से जुड़े सूत्रों की मानें तो निर्देशक श्रीकांत ओडेला का मानना है कि रेनॉल्ड्स जैसे वैश्विक नाम को शामिल करने से इस एक्शन ड्रामा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाने में मदद मिलेगी।



# अजगर के साथ पोज देती नजर आईं प्रियंका

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा ने कुछ ही देर पहले सोशल मीडिया पर अपने पति निक जोनस के साथ कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों को देखकर प्रियंका का एक पुराना शौक नजर आ रहा है। प्रियंका ने अजगर को गले में डालकर हंसते हुए पोज दिए। प्रियंका ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी और निक जोनस की कई तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में प्रियंका गले में एक अजगर को डाले खुशी से तस्वीरें खिंचवातीं नजर आ रही हैं। हालांकि, इन लेटेस्ट तस्वीरों के साथ प्रियंका ने कुछ पुरानी तस्वीरें भी शेयर की हैं, जो अजगर के साथ है। यह तस्वीरें बताती हैं कि प्रियंका को अजगर के साथ तस्वीरें खिंचवाने का काफी पुराना शौक रहा है। प्रियंका ने तस्वीरों के साथ इंस्टाग्राम पर अपना एक खास वीडियो भी शेयर किया है।



# रोंगटे खड़े कर देने वाला ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** मानव कौल की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बारामूला' का ट्रेलर आखिरकार निर्माताओं ने रिलीज कर दिया है। इसमें बच्चों के रहस्यमयी तरीके से गायब होने की घटना दर्शकों को हैरान कर रही है। यह फिल्म जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म 'बारामूला' के मेकर्स ने 2 मिनट 13 सेकेंड का ट्रेलर रिलीज किया है। ट्रेलर की शुरुआत एक बच्चे के गायब होने से होती है। इसके बाद डीएसपी सैय्यद रिदवान इस केस की जांच करने अपने परिवार के साथ गांव आते हैं। डीएसपी के घर में भी अजीब-अजीब घटनाएं होती हैं। फिर इसी तरह और बच्चों के गायब होने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। कुछ दृश्य तो रोंगटे खड़े करने का काम करते हैं। इस फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आदित्य सुहास जम्भाले द्वारा किया गया है।




# टॉक्सिक से यश का शानदार पोस्टर जारी

**मुंबई।** 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स के निर्माताओं ने फिल्म की देरी से रिलीज की अफवाहों पर विराम लगाते हुए रिलीज डेट की पुष्टि कर दी है। निर्माताओं का जवाब केवीएन प्रोडक्शंस ने एक्स हैंडल पर देते हुए यश का एक शानदार पोस्टर शेयर किया और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कैप्शन में लिखा, 'अभी 140 दिन बाकी हैं। टॉक्सिक 19 मार्च 2026 को रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है, जो उगादी, गुड़ी पड़वा और ईद के त्योहारी सप्ताहांत के लिए बिल्कुल सही समय पर है। पोस्ट-प्रोडक्शन तब शुरू हुआ जब यश मुंबई में फिल्म 'रामायण' की शूटिंग कर रहे थे। टीम अब शूटिंग के अंतिम हिस्से को पूरा कर रही है और जनवरी 2026 में इसका प्रचार शुरू होगा। यह फिल्म अंग्रेजी और कन्नड़ में एक साथ शूट की गई है।

टीवी मसाला

# साउथ इंडस्ट्री में एक अनुभव भी नहीं था सुखद : मदालसा

**नई दिल्ली।** मदालसा शर्मा बॉलीवुड फिल्मों और टेलीविजन की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। एक्ट्रेस को 'अनुपमा' टीवी शो से काफी पहचान मिली। इतना ही नहीं मदालसा, दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की बहू भी हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने साउथ इंडस्ट्री में काम करने के अपने बुरे अनुभव का खुलासा किया। हाल ही में अभिनेत्री मदालसा शर्मा पिंकविला से एक बातचीत में शामिल हुई थीं। इस दौरान उन्होंने साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपने काम के अनुभवों के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'एक अनुभव भी सुखद नहीं थे मेरे वहां पर। फिर मुझे लगा कि मैं नहीं कर पाऊंगी और वह रास्ता मैं नहीं अपना पाऊंगी।' उन्होंने कहा, 'कास्टिंग काउच और वो सब। मुझे लगता है कि यह हर जगह है । मुझे साउथ में थोड़ी निराशा हुई थी। कोई अनुभव नहीं है, लेकिन एक बातचीत ने मुझे असहज कर दिया था। मुझे याद नहीं है, मैं 17 साल की थी, कुछ साल हो गए हैं। लेकिन, मुझे याद है कि मुझे असहज महसूस हुआ और मैं बस बाहर चली गई, और मैंने खुद से कहा, चलो अब मुंबई वापस चलते हैं।' अभिनेत्री ने अपने जीवन के लक्ष्यों के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'हर इंसान का एक लक्ष्य होता है, जिससे वो कहीं पहुंचने का सपना देखता है। मेरा लक्ष्य महत्वाकांक्षा है, सब कुछ है, मगर वो उतना ज्यादा नहीं है कि मैं उसको खुद पे हावी होने दूं। मुझे क्या चाहिए, क्या नहीं चाहिए और किस कीमत पर चाहिए। मेरे फैसले उसी के आधार पर हैं।' मदालसा शर्मा ने साल 2009 में तेलुगु फिल्म 'फिटिंग मास्टर' से डेब्यू किया था।



## कैप्टेंसी टास्क से अश्नूर-अभिषेक बाहर

**मुंबई।** बिग बॉस 19 के लेटेस्ट एपिसोड की शुरुआत फरहाना और मृदुल के बीच लड़ाई से शुरू होती है। 66वें दिन की शुरुआत 'हुस्न तेरा तौबा तौबा' गाने से होती है। सुबह-सुबह ब्रेकफास्ट के दौरान कुनिका और अभिषेक के बीच बहस होती है। दोनों मिल्क प्रोडक्ट्स को लेकर बहस करते है। मृदुल दोनों को समझाते हैं, लेकिन दोनों में से कोई भी नहीं मानता। इसके बाद बिग बॉस सभी घरवालों को गार्डन एरिया में इकट्ठा करते हैं और कैप्टेंसी की दावेदारी के लिए टास्क रखते है। बिग बॉस कहते हैं कि घर में जीनियस साइंटिस्ट की लैब बनाई गई है। साइंटिस्ट को कुछ सामान चाहिए, जिसे जोड़ी में बने कंटेस्टेंट्स वो सामान लाकर देंगे। फिर फरहाना अमाल, गौरव-मालती, नीलम-कुनिका, मृदुल-तान्या और प्रणित-शहबाज की जोड़ी बनती है। बिग बॉस कहते हैं कि अश्नूर और अभिषेक को कैप्टेन की दावेदारी नहीं दी जाएगी। उन्होंने पहले ही घर नियमों का उल्लंघन किया है। अश्नूर को गेम का संचालक बनाते है।



# एनरिक इग्लेसियस के कॉन्सर्ट में जमा हुआ बॉलीवुड

*मुंबई। लगभग 13 साल बाद एनरिक इग्लेसियस भारत में अपना म्यूजिक कॉन्सर्ट कर रहे हैं। मुंबई में बुधवार को सिंगर के कॉन्सर्ट में कई बॉलीवुड सेलेब्स मौजूद दिखे। सभी एनरिक के सॉन्ग को एंज्वॉय कर रहे थे। इस कॉन्सर्ट के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, जिसमें कई मलाइका, रकुल के अलावा कई सेलेब्स नजर आ रहे हैं।*





**मलाइका और रकुल ने एंज्वॉय किया कॉन्सर्ट** : मलाइका अरोड़ा को म्यूजिक कॉन्सर्ट को काफी एंज्वॉय करते हुए देखा गया। रकुल प्रीत अपने पति जैक भगनानी के साथ कॉन्सर्ट में पहुंची थीं। यह कपल भी कॉन्सर्ट में काफी मस्ती के मूड में दिखा। रकुल ने अपने इंस्टाग्राम पर भी एनरिक के कॉन्सर्ट की तस्वीरें शेयर की हैं।

**सोनल चौहान ने कैमरा को दिए पोज** : एक्ट्रेस सोनल को भी एनरिक के म्यूजिक कॉन्सर्ट में देखा गया। कैमरा देखकर उन्होंने कई पोज दिए। वह कॉन्सर्ट में काफी खुश दिख रही थीं।

**सिंगर एनरिक भी भारत आकर खुश हैं** : एनरिक की भारत में अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। उनके गानों को यहां काफी पसंद किया जाता है। वह भी भारत आकर खुश हैं। भारत आने के बाद एनरिक ने फर्स्टपोस्ट से बात करते हुए कहा, 'भारत में दर्शक अद्भुत हैं। उनमें म्यूजिक के लिए प्यार है। जब मैं भारत में स्टेज पर आता हूं, तो दर्शक कमाल के होते हैं। उनकी एनर्जी का लेवल बेहतरीन होता है।'

**ताज महल का दीदार करेंगे एनरिक** : बता दें कि इंटरनेशनल पॉप स्टार एनरिक 29 और 30 अक्टूबर को मुंबई में कॉन्सर्ट कर रहे हैं। अपने शो के बाद वो आगरा भी जाने वाले हैं, जहां ताजमहल का दीदार करेंगे। इससे पहले वो साल 2012 में भारत आए थे और परफॉर्म किया था। और इससे पहले वो साल 2004 में इंडिया आए थे।

# वेटिकन सिटी में गाया गया भारतीय गाना

## कलाकारों को अच्छा लगा पोप लियो का साथ

**मुंबई।** भारत की फिल्में पूरी दुनिया में देखी जाती हैं और इनकी तारीफ होती है। भारत का संगीत भी लगभग पूरी दुनिया में सुना जाता है और इसे लोग पसंद करते हैं। हाल ही में केरल के संगीतकारों-गायक विजय येसुदास और कीबोर्डिस्ट स्टीफन देवासी ने वेटिकन सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में मलयालम गाना गया। दोनों कलाकारों ने 'नोस्त्रा एतेते' नाम से आयोजित कार्यक्रम में पोप लियो 14वें की उपस्थिति में यह गाना गाया।

मलयालम में गाए गए गाने 'दैव स्नेहम वर्णिचिदन' की तारीफ हो रही है। भक्ति गीत 'दैव स्नेहम वर्णिचिदन' की रचना सेवानिवृत्त डीजीपी टोमिन जे. थचनकारी ने की थी। एक फेसबुक पोस्ट में, देवासी ने कार्यक्रम की तस्वीरें साझा कीं और इसे 'रोम में अद्भुत क्षण' बताया। उन्होंने लिखा, 'पोप लियो के साथ होना अच्छा था।' उन्होंने कहा कि वह इस कार्यक्रम में दुनिया भर के कलाकारों के साथ थे। देवासी के ऑफिस से कहा गया कि वह शुक्रवार को केरल लौटेंगे। विजय येसुदास महान गायक केजे येसुदास के बेटे हैं। चर्च के अधिकारियों के अनुसार, नोस्त्रा एतेते कैथोलिक चर्च और गैर-ईसाई धर्मों के संबंधों की एक कड़ी है। इस वर्ष इसकी 60वीं वर्षगांठ है, जिसे रोम और दुनिया भर में मनाया जा रहा है।



## बाहुबली और बाहुबली-2 को जोड़कर बनाई गई है 'बाहुबलीः द एपिक'

# सिनेमाघरों में द ताज स्टोरी समेत आज पांच नई हिंदी फिल्में होंगी रिलीज

*मुंबई। सिनेमाघरों में शुक्रवार, 31 अक्टूबर को हिंदी में 5 फिल्में रिलीज हो रही हैं। इनमें जहां परेश रावल की 'द ताज स्टोरी' से लेकर हुमा कुरैशी की 'सिंगल सलमा' जैसी नई फिल्में हैं, वहीं डायरेक्टर एसएस राजामौली की एक्शन ड्रामा फिल्म 'बाहुबली: द एपिक' भी है, जो एक तरह से ब्लॉकबस्टर 'बाहुबली' और 'बाहुबली 2' को जोड़कर बनाई गई लगभग 4 घंटे का वन-कट वर्जन है। दिलचस्प बात यह है कि थिएटर्स में पहले से मौजूद 'थामा', 'एक दीवाने की दीवानियत' और 'कांतारा चैप्टर 1' की कमाई की रफ्तार जहां अब धीमी होने लगी है, वहीं नई फिल्मों से अधिक क्रेज 'बाहुबली: द एपिक' को लेकर है। कम से कम एडवांस बुकिंग के आंकड़े तो यही गवाही दे रहे हैं। कुल मिलाकर, अनुमान ये है कि प्रभास, राणा दग्गुबाती की यह फिल्म शुक्रवार को जबरदस्त कमाई करती हुई दिख रही है। प्रभास, राणा दग्गुबाती, अनुष्का शेट्टी, सत्यराज और तमन्ना भाटिया स्टारर 'बाहुबली: द एपिक' ने बुधवार रात तक प्रीमियर सहित पहले दिन की एडवांस बुकिंग से देश और विदेश मिलाकर कुल कमाई 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की ग्रॉस बुकिंग कर ली है। इसमें से भारत में इसने प्री-बुकिंग से 5 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।*

### द ताज स्टोरी

तुषार अमरीश गोयल के डायरेक्शन में बनी 'द ताज स्टोरी' में परेश रावल और जाकिर हुसैन प्रमुख भूमिका में हैं। यह एक कोर्टरूम ड्रामा फिल्म है, जिसकी कहानी के केंद्र में एक टूर गाइड है। वह ताजमहल की ऐतिहासिक उत्पत्ति पर सवाल उठाता है। इसके लिए कानूनी केस दायर करता है। परेश रावल की यह फिल्म ताजमहल की विरासत, इस विश्व प्रसिद्ध धरोहर के नीचे के 22 कमरों को लेकर किए जाने वाले दावे, इसकी आस्था और सच्चाई की पड़ताल करती है। फिल्म अपने टीजर रिलीज के बाद से ही आलोचनाओं के घेरे में रही है।

### बाहुबलीः द एपिक

'बाहुबलीः द एपिक' की प्री-सेल्स पहले ही देश में पिछले दिनों री-रिलीज हुई फिल्मों की कमाई से ज्यादा हो चुकी है। ऐसे में यह निश्चित रूप से अब तक की सबसे बड़ी भारतीय री-रिलीज ग्रॉसर फिल्म बनने वाली है। बहुत आश्चर्य नहीं होगा, अगर 'बाहुबलीः द एपिक' बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए की कमाई का आंकड़ा पार कर ले। 'बाहुबलीः द एपिक' का रनटाइम 3 घंटे 45 मिनट है। बताया जाता है कि इसमें 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' से लगभग 1 घंटा 42 मिनट और 'बाहुबलीः द कन्क्लूजन' से लगभग 2 घंटे 3 मिनट का रनटाइम लिया गया है।

### सिंगल सलमा

नचिकेत सामंत के डायरेक्शन में बनी 'सिंगल सलमा' में हुमा कुरैशी, श्रेयस तलपड़े और सनी सिंह लीड रोल में हैं। यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जिसकी कहानी लखनऊ में सेट है। केंद्र में सलमा का किरदार है, जिसकी उम्र 30 के पार हो चुकी है। उस पर शादी करने का दबाव है। लेकिन, सलमा अपना कॅरियर बनाना चाहती है। उसके माता-पिता सिकंदर के साथ उसकी शादी तय कर देते हैं, लेकिन ठीक उसी समय उसका पुराना प्यार, मीत उसकी जिंदगी में लंदन से लौट आता है। अब दो प्रेमियों और दो शादियों के चक्कर में उलझन भरी कॉमेडी शुरू होती है।



### वन टू चा चा चा

अभिषेक राज और रजनीश ठाकुर के डायरेक्शन में बनी 'वन टू चा चा चा' एक कॉमेडी फिल्म है। इसमें ललित प्रभाकर और आशुतोष राणा प्रमुख किरदार में हैं। कहानी में कॉमेडी और ड्राम का मेल है, जो गलतफहमियों के इर्द-गिर्द घूमती है।

### 18 हार्टबीट्सः रिकॉर्डिंग लाइव

अनुराग झा के डायरेक्शन में बनी '18 हार्टबीट्सः रिकॉर्डिंग लाइव' एक म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म है। इसमें अवशी ठाकुर और रौनक चंदन लीड रोल में हैं। कहानी एक प्रोफेसर से शुरू होती है, जिसे एक पुरानी रिसर्च थ्योरी '18 हार्टबीट्स' मिलती है। यह दो पूर्व छात्रों के बीच एक भूली हुई प्रेम कहानी को फिर से जिंदा कर देती है।

**खबर संक्षेप**

## नागपुर चौकी में रन फॉर यूनिटी का आयोजन



**नागपुर।** राष्टीय एकता दिवस के अवसर पर जिला पुलिस प्रशासन एवं एमसीबी की नागपुर चौकी द्वारा भव्य रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। यह दौड़ नागपुर चौक से महामाया गैस एजेंसी तक निकाली गई, जिसमें पुलिस जवानों, स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने एकता और स्वच्छता का संदेश देते हुए नारे लगाए स्वच्छता को अपनाना है, प्रकृति को बचाना है। दौड़ के समापन पर स्वच्छता अभियान और पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बल मिलता है।

## लौह पुरूष के जयंती पर चला स्वच्छता अभियान



**मनेन्द्रगढ़।** स्वच्छता ही सेवा है इसी संदेश को सार्थक करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर भाजपा हसदेव मंडल द्वारा झगराखांड शक्ति केन्द्र, बस स्टैंड परिसर के पास स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम राष्ट की एकता और स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता को समर्पित रहा। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुश्री बबीता सिंह, विधायक प्रतिनिधि उमेश जायसवाल, नेता प्रतिपक्ष देवनारायण सिंह, उपाध्यक्ष अभिषेक पांडे, मंडल महामंत्री भगवान दास, सुनील मिश्रा, विनोद श्रीवास, शिवकुमार चौहान, शिवपूजन सिंह, रवि रंजन शर्मा, संतोष गुप्ता, सौरभ गुप्ता, पहलाद, दीपक चौहाथा, मनीष सिंह, अभिषेक गुप्ता, रामप्रसाद, विनोद गुप्ता, बाबूलाल चौधरी, संतोष वर्मा, राजू गावस्कर, सुमेर सेन सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने झाड़ू उठाकर सामूहिक रूप से सफाई कार्य किया और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में बांधा, और आज हमें उसी भावना के साथ अपने समाज को स्वच्छ और सशक्त बनाना है। अभियान के दौरान एकता के साथ स्वच्छता यही सच्ची श्रद्धांजलि है लौह पुरूष को का नारा गूंजता रहा।

## राष्टीय एकता दिवस पर मानव श्रृंखला एवं शपथ



**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन के निर्देशानुसार राष्टीय एकता दिवस प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर शासकीय स्कूल पिपरिया में मनाया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य ने सरदार पटेल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तत्पश्चात डॉ.विनोद पांडे ने बताया कि सरदार पटेल ने देश के 562 देसी रियासतों का एकीकरण किया, साथ ही उन्होंने हैदराबाद, जूनागढ़ व जम्मू कश्मीर की रियासतों को भारतीय गणराज्य में मिलाया। विशाल भारतीय साम्राज्य के निर्माण में सरदार पटेल के योगदान को बुलाया नहीं जा सकता। तत्पश्चात विशाल छात्र छात्रों द्वारा विशाल मानव श्रृंखला बनाया गया और राष्टीय एकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सुष्मिता सालोमन प्राचार्य, डॉ.विनोद पांडेय, जरीना परवीन, संगीता तिवारी, अबुल कमर, शर्मिष्ठा दत्ता, कदम कुंवर, राजेश चौधरी, मेरी कलारा बेक, गौरी शंकर सहित शासकीय हाईस्कूल पिपरिया एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सुबह 7 बजे कुमार चौक से निकले एक साथ

# रन फॉर यूनिटी में कलेक्टर, एसपी समेत दौड़े सैकड़ों लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिले में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत कुमार चौक बैकुंठपुर से सुबह 7 बजे काफी संख्या में लोगों ने एक साथ दौड़ लगाई। इस दौड़ में जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं, युवाओं, अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे एवं अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। आयोजन की शुरूआत में सरदार वल्लभभाई पटेल के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई, इसके पश्चात उपस्थित ने राष्टीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने का शपथ वाचन किया। शपथ में यह संकल्प व्यक्त किया गया कि हम राष्ट की एकता को सुदृढ़ करने, समाज में सद्भाव बनाए रखने तथा देश की आंतरिक सुरक्षा में अपना योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। यह संकल्प हम लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता, कर्मठता एवं राष्ट निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए लेते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों द्वारा सभी तैयारियां पूर्व में ही पूर्ण कर ली गई थीं, इससे पहले गुरूवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा और संदेश को साझा किया गया था।




दौड़ में शामिल अधिकारी-कर्मचारी।

## एकता के संदेश से गूंजा मनेन्द्रगढ़

**मनेन्द्रगढ़।** देश के लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के पावन अवसर पर शुक्रवार को मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला पुलिस प्रशासन द्वारा एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ दशहरा मैदान से हुआ, जहां से दौड़ प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई आमाखेरवा मैदान तक पहुंची। इस दौरान जिले के नागरिकों, विद्यार्थियों, पुलिस कर्मियों, अधिकारियों और समाजसेवियों का भारी जनसैलाब उमड़ा। दौड़ के दौरान एकता जिंदाबाद, सरदार पटेल अमर रहें जैसे नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति और एकजुटता के भाव से गूंज उठा। इस राष्टीय एकता दिवस के मुख्य आकर्षण रहीं पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह, जिन्होंने स्वयं दौड़ में भाग लेकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने प्रेरक संबोधन में सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को नमन किया। एसपी श्रीमती सिंह ने कहा कि




सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान अतुलनीय है। हम उन्हें हर वर्ष याद करें, तब भी कम है। आने वाली हर पीढ़ी तक उनके कार्यों को याद रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पटेल ने केवल राज्यों के एकीकरण का कार्य नहीं किया, बल्कि उन्होंने ऑल इंडिया सर्विसेज की नींव रखकर भारत प्रशासन को एक मजबूत स्टील फ्रेम प्रदान किया। श्रीमती सिंह ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से आग्रह किया कि वे शिक्षा के माध्यम से अपने बच्चों को सशक्त बनाएं ताकि भविष्य में वे भी देश की सेवा में योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने जिस एकता का संदेश दिया, वहीं आज की दौड़ का सार है। हमें इस भावना को अपने जीवन और हर कार्य में आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम में जिले के अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और सामाजिक संगठन शामिल हुए। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिमा सरजू यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, एसडीएम लिंगराज सिदार, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, एसडीओपी एलेक्स टोप्पो, कोतवाली प्रभारी सुनील तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लखन लाल श्रीवास्तव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजकुमार केशरवानी, पार्षद जमील शाह, स्वप्निल सिन्हा, आशीष मजूमदार, आशीष सिंह, रामचरित द्विवेदी, सुरेश श्रीवास्तव, रामधुन जायसवाल, विवेक अग्रवाल, बबीता सिंह, संजय सिंह सेंगर, राजकुमार पाण्डेय, विनोद पाण्डेय सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सरदार पटेल जयंती पर चला स्वच्छता अभियान

**मनेन्द्रगढ़।** देश के लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के पावन अवसर पर शुक्रवार को मनेन्द्रगढ़ में एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एकता और स्वच्छता दोनों ही राष्ट की पहचान हैं के संदेश के साथ आयोजित हुआ। जिला मुख्यालय के आमखेरवा क्षेत्र स्थित नेत्रहीन दिव्यांग विद्यालय परिसर में इस अभियान का संचालन किया गया, जहां जिले के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, व्यापारी, शिक्षक, विद्यार्थी और नगरवासी काफी संख्या में उपस्थित हुए। सभी ने मिलकर विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। श्रमदान-अभियान में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा सरजू यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे, एसडीएम लिंगराज सिदार, श्रीमती प्रवीण सिंह, गीता पासी, विनय अग्रवाल, अर्चना विश्वकर्मा, प्रतिमा यादव, आलोक जायसवाल, हीरालाल रजक, भगवान दास, विनोद गुप्ता, विनोद जायसवाल समेत पुलिस विभाग के अधिकारी, सामाजिक संगठन के सदस्य तथा स्थानीय व्यापारी वर्ग के



प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने संबोधित करते हुए ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एकता के सूत्र में बांधने का जो कार्य किया, वह सदैव प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा। उनकी जयंती के दिन स्वच्छता अभियान चलाकर हम न केवल उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त कर रहे हैं, बल्कि उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प भी ले रहे हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लिंगराज सिदार ने कहा कि जिस प्रकार पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोया, उसी भावना से हमें अपने शहर और समाज को स्वच्छ, संगठित और सुंदर बनाना चाहिए।

## लौह पुरूष की 150 वीं जयंती पर विविध कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के कुशल मार्गदर्शन में 31 अक्टूबर को लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के अवसर पर जिले में राष्टीय एकता दिवस एवं पुलिस स्मृति झंडा दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर रक्षित केन्द्र कोरिया में श्रन फॉर यूनिटी एकता दौड़, पौधरोपण, खेलकूद प्रतियोगिता तथा हेलमेट रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 पुलिस जवानों एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। रक्षित केन्द्र में आयोजित इस मुख्य कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, उप पुलिस अधीक्षक राजेश साहू, आरआई नीतीश आर. नायर तथा यातायात प्रभारी बीरबल रजवाड़े सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी काफी संख्या में




उपस्थित रहे। सभी ने देश की एकता, अखंडता एवं अमन-शांति बनाए रखने का संकल्प लिया। पुलिस अधीक्षक ने अपने उद्बोधन में सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट निर्माण में योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी हमें कर्तव्यनिष्ठा और एकता की प्रेरणा देते हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना चरचा परिसर में भी सरदार पटेल की जयंती पर स्कूली बच्चों के लिए दौड़ प्रतियोगिता, खेलकूद प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को राष्टीय एकता, अनुशासन एवं देशप्रेम की भावना को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। इसी क्रम में थाना पटना क्षेत्र के आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पटना में छात्र-छात्राओं के बीच निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन एवं योगदान पर आधारित प्रश्न पूछे गए तथा सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशा मुक्ति और राष्टीय एकता की शपथ दिलाई गई। वहीं चौकी पोड़ी बचरा में भी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई गई।

# जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने सुल्तान

**बैकुण्ठपुर।** जिला अधिवक्ता संघ बैकुंठपुर के अध्यक्ष अधिवक्ता सुल्तान अंसारी बने, वहीं उपाध्यक्ष अरविंद कुशवाहा तथा सचिव के चुनाव अधिवक्ता ध्रुव कश्यप ने जीता। अधिवक्ता संघ बैकुंठपुर के शेष पदों के लिए निर्विरोध की स्थिति रही।

- **उपाध्यक्ष पद पर अरविंद, सचिव पद पर ध्रुव जीते**

अधिवक्ता संघ बैकुंठपुर के संपन्न चुनाव में अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता सुल्तान अंसारी ने एक वोट तथा सचिव पद के लिए अधिवक्ता ध्रुव कश्यप ने मात्र दो वोट से जीत दर्ज की।

मिली जानकारी के अनुसार 31 अक्टूबर को जिला अधिवक्ता संघ बैकुंठपुर के पदाधिकारियों के लिए निर्वाचन तिथि नियत थी। इस दिन




जारी चुनाव प्रक्रिया।

निर्धारित समय पर पंजीकृत अधिवक्ताओं के द्वारा मतदान किया गया और मतदान पश्चात वैध मतों की गिनती की गई तथा चुनाव अधिकारी के द्वारा परिणामों की घोषणा कर दी गई। जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव कार्य संपन्न कराने निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता आरपी साहू व सहायक निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता यज्ञदत्त मिश्रा रहे। चुनाव अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार अधिवक्ताा संघ बैकुंठपुर के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष तथा सचिव पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न की गई। शेष पदों के लिए निर्विरोध चुने गए। मतदान दिवस 31 अक्टूबर को संपन्न हुए मतदान में कुल 141 मतदान पडेÞ। जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ दो उम्मीदवार अधिवक्ता संजय जायसवाल तथा अधिवक्ता सुल्तान अंसारी चुनाव मैदान में रहे। इसमें अधिवक्ता सुल्तान अंसारी को 71 तथा अधिवक्ता संजय जायसवाल को 70 वोट मिले, इस तरह मात्र एक वोट से अधिवक्ता सुल्तान अंसारी जिला अधिवक्ता संघ बैकुंठपुर के अध्यक्ष चुने गए। इसी तरह उपाध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता अरविंद कुशवाहा, राजेन्द्र साहू चुनाव मैदान में रहे। इनमें अधिवक्ता अरविंद कुशवाहा को 76 वोट प्राप्त कर जीत दर्ज की। वहीं अधिवक्ता राजेन्द्र साहू को 63 मत प्राप्त हुए। सचिव पद के लिए अधिवक्ता ध्रुव कश्यप, अधिवक्ता चंद्र प्रकाश कुशवाहा तथा अधिवक्ता लल्लू रवि चुनाव मैदान में रहे। इनमें ध्रुव कश्यप ने सर्वाधिक 51 मत प्राप्त किया और अपने प्रतिद्वंदियों से दो वोट से विजयी हुए।

# सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी को लेकर सिंधु समाज में आक्रोश

**मनेन्द्रगढ़।** सिंधु समाज सेवा समिति ने शुक्रवार को सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। समिति ने जोहार छग पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा सोशल मीडिया पर सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल सहित अन्य समाजों के देवी-देवताओं के प्रति की गई अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा की है।

समिति के पदाधिकारियों ने कहा है कि इस प्रकार की टिप्पणी ना केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करती है, बल्कि समाज में वैमनस्य और आपसी सौहार्द को भी प्रभावित करती है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि ऐसे असंवेदनशील और भड़काऊ टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध शीघ्र कठोर



सिंधु समाज सेवा समिति ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन।

कार्रवाई कर गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार का दुस्साहस ना कर सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान समाज के वरिष्ठजन और सदस्य काफी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान समिति के प्रतिनिधियों ने कहा कि झूलेलाल जी केवल सिंधी समाज के आराध्य नहीं, बल्कि एकता, शांति और सत्य के प्रतीक हैं और उनके प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग समाज की धार्मिक भावनाओं का अपमान है। समिति ने प्रशासन से यह भी मांग की है कि सोशल मीडिया पर धार्मिक आधार पर नफरत फैलाने वालों पर सख्त निगरानी रखी जाए तथा साइबर सेल के माध्यम से ऐसी गतिविधियों को रोका जाए।

## नागपुर में करमा नृत्य महोत्सव का आयोजन



**नागपुर।** जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के तत्वावधान में सीईओ सुश्री वैशाली सिंह एवं परमेश्वर सिंह के नेतृत्व में करमा नृत्य महोत्सव 2025 का विकासखंड स्तरीय भव्य आयोजन 31 अक्टूबर को हनुमान मंदिर नागपुर प्रांगण में किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्रभर से आए करमा नृत्य दलों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर छग की लोक संस्कृति, पारंपरिक पौराणिक कथाओं और करमा परंपरा को एक बार फिर जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में कर्मा दल बाला (केतकी), कर्मा दल बिहारपुर (जयबूढ़ा) तथा कर्मा दल छिपछिपी की टीमों ने अत्यंत आकर्षक और ऊर्जावान करमा नृत्य प्रस्तुत किए। दर्शकों ने तालियों के साथ कलाकारों को सराहा। दलों की प्रस्तुति देखते हुए क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, माताएं-बहनें, युवा वर्ग एवं पंचायत जनप्रतिनिधि मंत्रमुग्ध हो उठे। नृत्य प्रतियोगिता में कर्मा दल बाला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उपविजेता कर्मा दल छिपछिपी तृतीय स्थान कर्मा दल बिहारपुर विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रतिनिधि, एमसीबी जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश कुमार साहू, जनपद सदस्य शाहनवाज अली, बरबसपुर क्षेत्र की जनपद सदस्य रीना अग्रवाल, संजय श्रीवास्तव, भूपेन्द्र सिंह, संतलाल साहू आदि शामिल है।

## ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से बकरी की मौत

**बैकुण्ठपुर।** शहर के वार्ड क्रमांक 1 हर्रापारा में स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर के नीचे झुलते विद्युत तार की चपेट में शुक्रवार को मोहल्ले के एक व्यक्ति की बकरी चरते हुए ट्रांसफार्म के पास पहुंची, जहां उसके नीचे झुल रहे विद्युत तार की चपेट में आने से बकरी चिपक गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वार्ड के लोगों ने बताया कि हर्रापारा में स्थित ट्रांसफार्मर के नीचे झुलते विद्युत तारों को सुरक्षित उपर करने के लिए विद्युत वितरण कंपनी के कर्मियों के पास शिकायत की गई थी, लेकिन विद्युत कंपनी के कर्मियों के द्वारा भी वार्ड वासियों के शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया, इसी का नतीजा रहा कि शुक्रवार को ट्रांसफार्मर के नीचे झुलते विद्युत



तरंगति तार की चपेट में आने से एक बकरी की बे मौत हो गई। अब इस घटना को गंभीरता से लेते हुए विद्युत वितरण कंपनी को हर्रापारा में लगे ट्रांसफार्मर के नीचे जमीन तक झुल रहे विद्युत तरंगति तार को सुरक्षित करने की जरूरत है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो।

## श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गुरूवार को भारत के लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शिनी स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी जी के बलिदान दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन राजीव भवन, कांग्रेस कार्यालय बैकुंठपुर में किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी जिन्हें आयरन लेडी ऑफ इंडिया के नाम से जाना जाता है, उन्होंने देश की एकता, अखंडता और सम्मान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका त्याग,



नेतृत्व और राष्टभक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा। वहीं सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपने अटूट संकल्प और दूरदर्शिता से देश की एकता और अखंडता को सुदृढ़ किया तथा स्वतंत्र भारत की रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर राष्ट की नींव को मजबूत बनाया।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह अक्टूबर 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 11 दिन | 4.00 | 44.00 |
| 18 दिन | 5.00 | 90.00 |
| 29 दिन, | कुल योग= | 134.00 |

कृपया पाठकगण माह अक्टूबर 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 नवंबर 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

## पृष्ठ 1 का शेष

### पुलिस ने आरोपियों ...

विजय सिंह ने बताया कि चिरमिरी क्षेत्र में अब कोई भी व्यक्ति नशे, सट्टे या अवैध कारोबार में शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ उसी तरह की सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी रत्ना सिंह ने इस कार्रवाई को जिले में नई शुरुआत बताया। उन्होंने कहा, "हमारा लक्ष्य है कि मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला अवैध कारोबारों से पूरी तरह मुक्त हो। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई एक शुरुआत है। आगे और भी कड़े कदम उठाए जाएंगे। किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

### संयुक्त सरपंच संघ...

पर विस्तृत चर्चा हुई। सरपंचों ने कहा कि ग्राम पंचायतें सरकार की पहली इकाई हैं, इसलिए विकास कार्यों में पारदर्शिता व जवाबदेही जरूरी है। जनपद अध्यक्ष उदय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सरपंच संघ को राजनीति से ऊपर उठकर गांवों के विकास और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि एकजुट संगठन ही पंचायतों को मजबूत बना सकता है। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष दीनदयाल एवं श्रीमती नंदेश्वर, सचिव झगर साय, सह सचिव कबीरदास सिंह, कोषाध्यक्ष अवधेश सिंह, मीडिया प्रभारी छवि शंकर सिरदार, सलाहकार बहादुर कवल बंसी एवं सुखनंदन मिंज रहे। घोषणा के बाद उपस्थित सरपंचों ने तालियों और फूल मालाओं के साथ नई टीम का स्वागत किया। बैठक में ब्लॉक स्तरीय संशोधन के तहत खरवत ग्राम पंचायत के सरपंच रामा शंकर सिंह को सर्वसम्मति से बैकुंठपुर ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने कहा कि सभी सरपंचों के साथ मिलकर वे ब्लॉक की हर पंचायत में विकास की नई दिशा देने का प्रयास करेंगे।










